**Reg.No. :………………………** **SY…..**

**Name : ………………………..**

**SECOND YEAR HIGHER SECONDARY EXAMINATION -2023**

**SAMPLE QUESTION PAPER**

Part-II | Time: 2 1/2 Hours

**HINDI** | Cool –off time: 15 Minutes

Maximum : 80 Scores

**उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देशः**

- **प्रश्न वचन और चिंतन के लिए 15 मिनट का समय है ।**
- **उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को अच्छी तरह समझने की कोशिश करें ।**
- **स्कोर और समय पर ध्यान देकर उत्तर लिखें ।**
- **निर्देशानुसार विशिष्ट प्रश्न संख्या के उत्तर लिखें ।**

**सूचना : 1 से 5 तक के प्रश्नों के उत्तर कोष्टक से चुनकर लिखें ।** **( 5 x 1 = 5)**

1 सातवॉ विश्व हिंदी सम्मलेन कहाँ आयोजित किया गया था ?

( सूरीनाम , ब्रिटेन ,मॉरिशस )

2 'ज़मीन एक स्लेट का नाम हैं ' किस विधा की रचना हैं ?

( उपन्यास , कहानी ,आत्मकथाशं )

3 कौन अपना मन दीवार पर विस्तृत घर खींचने लगी ?

( कवि, मज़दुरिन, स्कूटरवाला )

4 लटके हुए लंबे डठलों की तुलना किससे की गयी हैं ?

(लड़की से ,मृतजलसाँप से , आदमी से )

5 ‘वह भटका हुआ पीर संस्मरण ‘ किसकी रचना हैं ?

( डॉ राज बुदृिराजा,अमृता प्रीतम ,डाँ.एस .तंकमणि अम्मा )

**सूचना : कविताशं पढ़ें और 6 से 8 तक के प्रश्नों के उत्तर लिखें।**

हम खेले-कूदे हर्षयुक्त , जिसकी प्यारी गोद में ।
हे मातृभूमि ! तुझको निरख ,मग्न क्यों न हों मोद में ?
पाकर तुझसे सभी सुखों को हमने भोगा।
तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा?
तेरी ही यह देह, तुझी से बनी हुई है।
बस तेरे ही सुरस-सार से सनी हुई है।।
फिर अंत समय तू ही इसे अचल देख अपनाएगी ।
हे मातृभूमि ! यह अंत में तुझमें ही मिल जाएगी ॥

6. कवि की राय में भारवासियों की देह किससे बनी हुई है? **(1)**

7. तेरा प्रत्युपकार कभी क्या हमसे होगा? ऐसा क्यों कहा गया है ? **(2)**

8. कवितांश की आस्वादन-टिप्पणी लिखें। **(6)**

**सूचना : 9 से 11 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें। (2 x 2= 4)**

9. कवि पहले कुली को कैसे पहचानता था? कवि को आदमी का चेहरा कब याद आया ?

10. यह खत तुमको मिलेगा भी या नहीं – बादशाह क्यों ऐसा सोचते है ?

11. " न कोई जन्मनेवाला और न कोई सहेजनेवाला " मुरकी के बारे में राजवंती ऐसा क्यों कहती हैं ?

**सूचना : 12 से 16 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें। (3 x 4= 12)**

12. “दिल्लीवाले मुझको रोते होंगे। वे क्या यह नहीं जानते, कि मैं भी उनको रोता हूँ।“

उपर्युक्त वाक्य के आधार पर बहादुरशाह ज़फ़र के चरित्र पर टिप्पणी लिखें।

13. हाईकू पढ़ें और भावार्थ लिखें ।

"नभ गुँजाती
निड़ गिरे शिशु पै
मँडराती माँ "

14. जीवन - वृत्त पढ़ें और कुँवर नारायण के बारे में एक अनुच्छेद तैयार करे ।

| जीवन - वृत्त | |
|---|---|
| नाम | : श्री कुँवर नारायण |
| जन्म | : सन् 1927 |
| जन्मस्थान | : उत्तर प्रदेश के फैज़ाबाद में |
| प्रमुख रचना | : 'चक्रव्यूह', 'अपने साम..', 'कोई दूसरा नहीं', 'इन दिनों' |
| पुरस्कार | : ज्ञानपीठ पुरस्कार |

15. कवितांश पढ़ें और निचे दिए प्रश्न के उत्तर लिखिए ।

" हे फूल, तू अन्न है इस छोटी बहन के लिए
इससे बढ़कर पुण्य भला क्या है!
तुझे चढ़ाकर भला अब
क्या पाऊँ मैं…..!'

कवि ऐसा क्यों कहता है ? कवि यहाँ किस सामाजिक सच्चाई के बारे में कहता है ?

16. मगर नींद के टूटने के पूर्व ही नोटीस बैंक की आ धमकी सपने में। कवि यहाँ किस सामाजिक सच्चाई की ओर इशारा करते हैं?

**सूचना : गद्यांश पड़े और खंड का संक्षेपण करें।**

जब घर के बड़े बुजुर्गों को कोई पानी नहीं पिलाता और पानी माँगने पर अँगारों जैसी जलती आँखें दिखाई जाती हों, तो यह स्कूटरवाला तो पीर जैसा लगेगा ही न। गर्मी की एक साँझ में वह मेरे गेट के सामने खड़ा होकर मुझसे पूछ रहा था, 'पानी पिएँगी? अभी भरवा कर ला रहा हूँ।' 'हाँ-हाँ, क्यों नहीं।' मैने उसे बरामदे में बिठाया और उससे कुशलक्षेम पूछने लगी। वह पितृविहीन बालक स्ट्रीट लाइट में बैठकर अखबार पढ़ता, स्कूटर चलाकर माँ और अपने लिए दो जून रोटी का जुगाड़ करता।"

17. बड़े बुजुर्गों के पानी माँगने पर घर के लोग क्या करते हैं? **(2)**

18 .गद्यांश का संक्षेपण करें। **(6)**

**सूचना : 19 से 22 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 3 के उत्तर लिखें। (3 x 6= 18 )**

19. अंग्रेज़ी खंड का अनुवाद हिंदी में करें।

'India became a free country on August 15, 1947 . So August 15 is called the Independence day of India. The British rule came to an end on this day. On this day our first Prime Minister Pt. Jawaharlal Nehru unfurled the national flag at the Red Fort first time. It is a red letter day in the history of the country. It is celebrated all over the country with great enthusiasm.

(Rule - शासन , Unfurled - फहराया , red letter day - स्वर्णिम दिवस . Enthusiasm - उत्साह , Red Fort -लाल किला )

20. मान लें, आप के स्कूल की फिल्म क्लब द्वारा शोले फ़िल्म का प्रदर्शन होनेवाला है। इसकी सूचना देते हुए एक पोस्टर तैयार करें।

21. मुरली की ध्वनि में लीन प्रणयातुर दो गोपिकाओं के बीच होनेवाली बातचीत लिखें।

22. कवि अनंग के नये कविता-संग्रह का प्रकाशन हुआ है। कविता-संग्रह की बिक्री बढाने के लिए एक विज्ञापन तैयार करें।

**23. सूचनाः सही मिलान करें।** **( 8 x 1= 8)**

| | | |
|---|---|---|
| Algebra | – | गुरुत्वाकर्षण |
| Atom | – | समाज-विज्ञान |
| Commerce | – | श्रमिक-संघ |
| Physics | – | जैव-रसायन |
| Gravitation | – | परमाणु |
| Bio-chemistry | – | बीज गणित |
| Sociology | – | वाणिज्य |
| Trade Union | – | भौतिकी |

**सूचना : 24 से 26 तक के प्रश्नों में से किन्हीं 2 के उत्तर लिखें।** **(2 x 8= 16)**

24. शादी की तैयारियाँ देखकर दीदी का मन संघर्ष से भरा । वह अपना संघर्ष डायरी में लिख रही है। वह डायरी लिखिए ?

सहायक संकेतः -

- भाई और माता - पिता का प्यार ।
- परिवार से विछुड़ने का दुःख।
- परिवार के लिए बोझ बनने की नियती ।
- ससुराल के प्रति आशंका ।

25. पति द्वारा उपेक्षित बुलाकी को राजवंती अपने यहाँ आश्रय देती है। संकेतों के आधार पर बुलाकी का आत्मकथांश तैयार करें।

- राजवंती के यहाँ आश्रय मिलना।
- राजवंती द्वारा कोठरी की चाबी पकड़ा जाना।
- जीवन भर चाबी न छीनने का वादा मिलना।

26. सातवें विश्व हिंदी सम्मेलन में भाग लेने के लिए लेखक सूरीनाम पहुँचता है। राष्ट्रपति के भाषण से प्रभावित होकर वह अपने मित्र को एक पत्र लिखता है। वह पत्र तैयार करें।

- विश्व हिंदी सम्मेलन का अनुभव।
- राष्ट्रपति का भाषण।
- सूरीनाम में हिंदी का प्रचार।
- सूरीनाम और भारत के बीच का भाषाई संबंध।

**QUESTIONS PREPAREDED TEACHERS NAME**

**1. RENUKA S K**

**GHSS, Kuttamassery,Aluva**

**2. RAJISHA C**

**GHSS South Vazhakulam, Aluva**

**3. SARIMOL P K**

**Govt. HSS Chowara, Aluva**

**4. PREETHI G P**

**S N D P HSS ,Aluva**

**5. NISHA M S**

**GHSS Mookkannur, Angamaly**

**6. OMANA E V**

**GB HSS, Aluva**

**7. RENU G**

**N S S B HSS, Manikyamangalam, Kalady**

**Angamaly**

**8. SHAINY P J**

**Mar Augustine's Thuravoor, Angamaly**